# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

क्रमांक : एफ (     )शैक्ष–ाा /मदसविवि/2025/623-1087                                        दिनांक : 23.9.25

**सभी राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य**
(महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर से सम्बद्ध)

विषयः– **माननीय कुलगुरु द्वारा राजकीय महाविद्यालयो का औचक निरीक्षण एवं दिए गए आवश्यक निर्देशों की अनुपालन के संबंध में।**

महोदय,

माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महर्षि दयानंद सरस्वती जी के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के माननीय कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार ने दिनांक 19/9/2025 को रूपनगढ़, परबतसर, मंगलाना, लूणवां, नावां, कुचामन सिटी एवं किशनगढ़ स्थित राजकीय महाविद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिक्षण व्यवस्था, प्रशासनिक प्रबंधन एवं विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की स्थिति का अवलोकन किया गया तथा कार्यक्षमता को और सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

निरीक्षण के क्रम में माननीय कुलगुरु महोदय द्वारा सभी महाविद्यालयों को निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया हैः–

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन प्रकोष्ठ के गठन की कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित की जाए।
2. विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर नैक मान्यता प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करवाने हेतु समुचित कदम उठाए जाएं, ताकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण स्थापित हो सके।
3. विद्यार्थियों की 75 प्रतिशत अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की जावे।
4. परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता एवं शुचिता सुनिश्चित किए जाने हेतु परीक्षा केंद्रों पर प्रशासनिक सख्ती एवं सतत निगरानी की व्यवस्था की जाए।

उक्त निर्देशों का अनुपालन आपके स्तर से गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ किया जाना अपेक्षित है। माननीय कुलाधिपति एवं माननीय कुलगुरु महोदय का स्पष्ट मत है कि विद्यार्थियों के हित में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित उपस्थिति एवं पारदर्शी मूल्यांकन प्रणाली, विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों का सर्वोच्च लक्ष्य रहेगा।

अतः आपसे अपेक्षा है कि उपर्युक्त बिंदुओं का अनुपालन कर संबंधित प्रगति प्रतिवेदन से विश्वविद्यालय को अतिशीघ्र अवगत कराना सुनिश्चित करें।

भवदीया,

–sd-

कुलसचिव

क्रमांक : एफ (     )शैक्ष–ाा /मदसविवि/2025/1088-1091                                        दिनांक :

प्रतिलिपि :–

1. सचिव– माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति, राजभवन, सिविल लाईन्स, जयपुर को माननीय कुलगुरु महोदय के निर्देशानुसार प्रेषित है।
2. संयुक्त सचिव– उच्च शिक्षा – ग्रुप–4, शासन सचिवालय, राजस्थान सरकार, जयपुर
3. कुलगुरु सचिवालय, मदस विश्वविद्यालय, अजमेर।
4. निजी सहायक– कुलसचिव, मदस विश्वविद्यालय, अजमेर।

उप कुलसचिव– शैक्ष.ाा